Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give Bharat Ratna to Sh. Kanshiramji and construct the road going from Meerut to Purkaji.

श्री मलूक नागर (**बिजनौर**): महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । कल, पिछले दिन मान्यवर कांशीराम जी का जन्मदिन था, जिन्होंने दलितों के लिए, पिछड़ों के लिए, शोषितों के लिए, वंचितों के लिए अपनी पूरी जिन्दगी लगा दी । मैं उनको भारत रत्न देने की माँग करता हूँ ।

मेरठ में हस्तिनापुर, मुजफ्फरनगर में शुक्रताल और बिजनौर में विदुर कुटी, इन ऐतिहासिक जगहों के पर्यटन विभाग के द्वारा विकसित किया जाए, जिससे भारतीय संस्कृति की रक्षा हो । मेरी लोक सभा से संबंधित मेरठ से मवाना तक, मवाना से किठौर तक, मवाना से मीरापुर तक, मीरापुर से बिजनौर तक, बिजनौर से चाँदपुर तक और मीरापुर से पुरकाजी तक पूरी की पूरी सड़क टूटी हुई है । आने-जाने वाले लोगों को, चाहे कोई हरिद्वार जा रहा हो, अन्य कहीं जा रहा हो, बहुत दिक्कतें होती हैं । इन सड़कों की तुरन्त मरम्मत की जाए ।

महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।